# RAEBARELI POLICE

**दिनांक 09 जुलाई 2025** **थाना चन्दापुर**

## हत्या का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-

**घटना का संक्षिप्त विवरण:-** दिनांक 05.07.2025 को थाना चंदापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लामी मजरे ज्योना में मकान निमार्ण को लेकर 02 पक्षों 1.हौसिला प्रसाद पुत्र रतीपाल निवासी अनवरगंज मजरे ज्योना थाना चंदापुर रायबरेली व 2.रविन्द्र कुमार पुत्र गुरूचरण निवासी पूरे गुरूदत्तसिंह का पुरवा मजरे ज्योना थाना चंदापुर रायबरेली के मध्य मारपीट हुयी थी, जिसमें थाना चंदापुर पर वादिनी सरला देवी पत्नी रविंद्र कुमार की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0-33/2025 धारा-117(2)/115(2)/191(2)/352/351(3) बीएनएस बनाम 1.हौसिला प्रसाद आदि 05 नफर अभियुक्त व 04 नफर अभियुक्त अज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया था। दिनांक 06.07.2025 को दोनों पक्षों में पुन: मारपीट हुयी, मारपीट में घायल सुनीता पत्नी सौरभ (रविन्द्र उपरोक्त की बहन) की इलाज के दौरान अस्पताल में मृत्यु हो गयी। जिस संबंध में मु0अ0सं0-34/2025 धारा-191(2)/191(3)/190/109/103(1)/351(3) बीएनएस बनाम हौसिला प्रसाद आदि 08 नफर अभियुक्त नामजद व 8-10 लोग अज्ञात के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया ।

विवेचना के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत आज दिनांक 09 जुलाई 2025 को थाना चन्दापुर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग 34/2025 में धारा-61(2) बीएनएस की बढोत्तरी करते हुये वांछित अभियुक्त **संजीव कुमार सिंह उर्फ राहुल बाहुबली पुत्र स्व0 शिवमोहन सिंह निवासी ग्राम जनई थाना चन्दापुर जनपद रायबरेली** को थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

**नाम पता अभियुक्त:-**

संजीव कुमार सिंह उर्फ राहुल बाहुबली पुत्र स्व0 शिवमोहन सिंह निवासी ग्राम जनई थाना चन्दापुर जनपद रायबरेली ।

**गिरफ्तार करने वाली थाना चन्दापुर पुलिस टीम:-**

1.थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार

2.व0उ0नि0 प्रवीण कुमार सिंह

3.मु0आ0 जितेन्द्र कुमार

4. चालक मु0आ0 तारिक अयाज



**मीडिया सेल रायबरेली**